## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–22.06.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. सीबीआई ने सीजीएसटी घोटाला मामले में सीजीएसटी के एडिशनल कमिश्नर और पांच कस्टम अधिकारियों के अलावा 29 लोगों के खिलाफ किया प्राथमिकी दर्ज।
2. मगध कोल परियोजना में नौकरी घोटाला मामले में डीजीपी ने सीआईडी को कोल अधिकारियों के खिलाफ केस करने का दिया निर्देश।
3. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची के हरमू, अरगोड़ा, और करमटोली फ्लाईओवर निर्माण की योजना बनाने का दिया निर्देश।
4. नवल टाटा हॉकी झारखंड जूनियर पुरूष राज्य स्तरीय हॉकी चैंपियनशिप में दूसरे दिन सिमडेगा, रांची, हजारीबाग और जमशेदपुर की टीम ने किया जीत हासिल।
5. राज्य के कई जिलों में आज और कल भारी बारिश की चेतावनी, मौसम विभाग ने यलो अलर्ट किया जारी।

*****************

केंद्रीय जांच ब्यूरो, सीबीआई ने जीएसटी घोटाला मामले में सीजीएसटी के एडिशनल कमिश्नर और पांच कस्टम अधिकारियों के अलावा 29 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। शनिवार को झारखंड के जमशेदपुर समेत बिहार के पटना, पूर्णिया, नालंदा और मुंगेर के सात ठिकानों पर छापेमारी की। छापेमारी में जमशेदपुर स्थित एडिशनल कमिश्नर के आवास से सोने की सात छड़ें और कई दस्तावेज बरामद किए हैं। बता दें कि यह घोटाला वर्ष दो हजार इक्कीस से दो हजार तेइस के बीच किया गया है।

*****************

चतरा की मगध कोल परियोजना और हजारीबाग के केरेडारी स्थित चंद्रपुरा ओपनकास्ट कोल परियोजना में जमीन अधिग्रहण के बदले नौकरी देने में गड़बड़ी सामने आई है। सीआईडी ने इस मामले में अपनी प्रारंभिर रिपोर्ट डीआईजी को सौंपी है। रिपोर्ट में सीसीएल के अधिकारियों और कर्मियों की भूमिका संदिग्ध पाई गई है। डीजीपी ने इस मामले में सीआईडी को केस दर्ज करने का निर्देश दिया है।

*****************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची स्थित हरमू, अरगोड़ा और करमटोली में फ्लाईओवर निर्माण की योजना बनाने का निर्देश अधिकारियों को दिया है। उन्होंने पथ निर्माण विभाग को निर्माण की दिशा में तेजी से कार्य करने को कहा है। वहीं उन्होंने पलामू में फोर्थ ग्रेड की नियुक्ति पर रोक लगा दी है। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर के आग्रह पर यह कार्रवाई की गई है।

*****************

पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास अपने दो दिवसीय संताल परगना के दौरे पर हैं। दुमका परिसदन में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने हेमंत सरकार पर जमकर निशाना साधा। साथ ही उन्होंने सरकार से इस बार के कैबिनेट मे पेसा क़ानून लागू करने की मांग की। उन्होंन कहा कि ग्राम स्वशासन के लिए पेसा क़ानून जरुरी है जिससे ग्रामीण समाज सशक्त होगा। यहां के आदिवासी सशक्त होंगे।

*****************

सिमडेगा उपायुक्त कंचन सिंह की अध्यक्षता में पद्म पुरस्कार 2026 से संबंधित प्राप्त प्रस्तावों पर विचार–विमर्श के लिए बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में शिक्षा, कला,खेल एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों के नामों की अनुशंसा के लिए प्रस्ताव मांगे गए। इस क्रम में खेल क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए श्रीमती असुंता लकड़ा (हॉकी खिलाड़ी) का नाम प्रस्तावित किया गया।

*****************

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की युवा शाखा, भारतीय युवा कांग्रेस (यूथ कांग्रेस) ने झारखंड में युवा कांग्रेस के सांगठनिक चुनाव शेड्यूल की घोषणा की है। कांग्रेस झारखंड प्रदेश में ब्लॉक, विधानसभावार, जिला और पूरे राज्य स्तर पर अपनी सदस्यता और पूर्ण संगठनात्मक चुनाव आयोजित करने जा रही है। युवा कांग्रेस, झारखंड के नेता उज्जवल तिवारी ने बताया कि झारखंड युवा कांग्रेस के नामांकन अभियान 27 जून से 03 जुलाई तक चलेगा। इस चुनाव में भाग लेने के लिए 18 से 35 वर्ष होना अनिवार्य है। जिसका कट ऑफ डेट 28 जून 1990 से 27 जून 2007 है।

******************

लोहरदगा जिला के सभी पर्यटन स्थलों को विकसित किया जाएगा। उपायुक्त ने पर्यटन स्थलों में सुरक्षाकर्मी और सफाईकर्मी की नियुक्ति करने का निर्देश दिया है। विस्तृत ब्योरे के साथ हमारे संवाददाता

******************

जमशेदपुर के बिष्टुपुर स्थित विमेंस कॉलेज में डेढ़ साल तक पढ़ाई करने के बाद अब कॉलेज प्रबंधन ने उन्हें सूचित किया है कि कॉलेज में अब इंटर की पढ़ाई नहीं होगी। छात्राओं को किसी अन्य निजी कॉलेज या स्कूल में दाखिला लेने की सलाह दी गई है। कॉलेज के इस निर्णय से नाराज़ छात्राओं ने उपायुक्त से गुहार लगाई है।

******************

20 से 24 जून तक आयोजित नवल टाटा हॉकी झारखंड जूनियर पुरुष राज्य स्तरीय हॉकी चैंपियनशिप के दूसरे दिन चार लीग मैच हुए। इसमें सिमडेगा, रांची, हजारीबाग और नवल टाटा हॉकी अकादमी जमेशदपुर की टीम जीत हासिल किए। वहीं रांची के नामकुम स्थित आर के आनंद बॉल्स ग्रीन में शूटिंग रेंज का उद्घाटन समारोह सम्पन्न हो गया इस दौरान 10 मीटर के इस रेंज को खिलाड़ियों को समर्पित कर दिया गया। रेंज के उद्घाटन समारोह के दौरान मुख्य अतिथि खेल निदेशक शेखर जमुआर ने लॉन बॉल्स में पदक जितने वाले खिलाड़ियों को पदक जीतने पर बधाई दी।

******************

राज्य के विभिन्न जिलों में आज और कल भारी बारिश की सीाावना जताई गई है। मौसम विभाग ने इसको लेकर यलो अलर्ट जारी किया है। साथ ही राजधानी रांची और आसपास के क्षेत्रों में एक बार फिर 24 जून को भारी बारिश का अनुमान जताया है। राज्य में फिलहाल मॉनसून सक्रिय है और इसके प्रभाव से 25 जून तक राज्य के अधिकांश हिस्सों में भारी बारिश को लेकर चेतावनी जारी की गई है।

******************

.<u>और अब अखबारों की सुर्खियां–</u>

राज्य से प्रकाशित लगभग सभी अखबारों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के योग को लेकर दिए संदेश को अपनी सुर्खी बनाई है।

साथ ही सीजीएसटी घोटाला में सीबीआई की कार्रवाई को भी पहले पन्ने पर जगह दी है।

प्रभात खबर ने लिखा है––जमशेदपुर सेंट्रल एक्साइज के एडिशनल कमिश्नर के आवास पर सीबीआई का छापा

दैनिक भास्कर और दैनिक जागरण की सुर्खी है अशांति से जूझ रही दुनिया के लिए योग पॉज बटनः मोदी

हिंदुस्तान की सुर्खी है कोल प्रोजेक्ट में नौकरी घोटाला सीआईडी करेगी एफआईआर

वहीं अंग्रेजी अखबार टाइम्स ऑफ इंडिया और हिंदुस्तान टाइम्स ने एयर इंडिया के तीन अधिकारियों को हटाने के निर्देश को प्रमुखता दी है।

*******समाप्त*********